विद्यालय का नामः.................................................................................................

# वार्षिक परीक्षा- 2024-25

| विषय–विज्ञान | पूर्णांक- | कक्षा–6 | समय–2:30 घण्टे | नामः–........................................ |
|---|---|---|---|---|

**भाग–अ**

निर्देशः– सभी प्रश्नों का हल उतर पुस्तिका में लिखों।

–: वस्तुनिष्ठ प्रश्नः–

1. धुपबती जलने पर कौनसा नया पदार्थ बनता है?
(अ) राख (ब) गैंस (स) उपरोक्त दोनों (द) कोई नहीं ( )

2. निम्नाकिंत में से किसमें मूसला जड़ पाई जाती है?
(अ) मूली (ब) गाजर (स) चना (द) उपरोक्त सभी ( )

3. निम्नलिखित में से कौनसा जन्तु पेशीय पाद की सहायता से गति करता है?
(अ) केंचुआ (ब) घोंघा (स) तिलचट्टा (द) मछली ( )

4. कम्पलीट नॉनसेन्स कविता के लेखक कौन है?
(अ) अरस्तू (ब) शेक्सपीयर (स) महात्मा गाँधी (द) एडवर्ड लियर ( )

5. प्राचीन काल में दूरी को मापने का मात्रक था–
(अ) मीटर (ब) किलोमीटर (स) पैर की लम्बाई (द) सेन्टीमीटर ( )

6. सरल रेखा में गमन करता है–
(अ) सूर्य (ब) मानव (स) वायु (द) प्रकाश ( )

7. विद्युत सेल का आविष्कार किसने किया था?
(अ) अरस्तु (ब) एडिसन (स) आलेसांद्रो वोल्टा (द) थॉमसन ( )

8. चुम्बक में कितने ध्रुव होते है?
(अ) दो (ब) तीन (स) चार (द) पाँच ( )

9. वायु में जल किस रुप में जाता है–
(अ) वर्षा (ब) जलवाष्प (स) ओले (द) हिम ( )

10. किसानों के मित्र कहलाते हैं?
(अ) केंचुए (ब) दीमक (स) कॉकरोच (द) सर्प ( )

–:रिक्त स्थानों की पूर्ति करोः–

(बाद, स्थान, दो, आवर्त, चुम्बकीय)

11. एक विद्युत सेल में.................टर्मिनल होते हैं।
12. कागज एक................पदार्थ नहीं है।
13. अत्यधिक वर्षा से..................आती है।
14. वायु....................घेरती है।
15. झूले पर किसी बच्चे की गति.....................होती है।
16. कॉलम–'अ' में दिये गये शब्दों का मिलान कॉलम– 'ब' से कीजियेः–

More Questions Paper Gurusevika.in

| कॉलम–अ | कॉलम–ब |
|---|---|
| (क) याक | (अ) घड़ी की सूई |
| (ख) वर्तुल गति | (ब) ज्वलन में सहायक |
| (ग) विद्युत सेल | (स) प्राकृतिक चुम्बक |
| (घ) मैग्नेटाइट | (द) पर्वतीय क्षेत्र |
| (ड़) ऑक्सीजन | (य) विद्युत स्त्रोत |

## भाग–ब

–:सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैः–

1. पकाने से पहले दालों के किसी नमूने से आप भूसे एवं धूल के कण कैसे पृथक करेंगे?
2. गर्म करने पर लोहे में क्या परिवर्तन होता है?
3. पौधे में तने का क्या कार्य है?
4. कपाल की कौनसी अस्थि गति करती है?
5. आवास किसे कहते है?
6. आवर्ती गति के दो उदाहरण लिखिये।
7. हमें सूर्य को सीधे क्यों नहीं देखना चाहिए?
8. विद्युत सेल विद्युत कैसे उत्पन्न करता है?
9. छड़ चुम्बक के ध्रुव कहाँ स्थित होते है?
10. वायुमण्डल की कौनसी गैंस श्वसन के लिए आवश्यक है?

–:कोई पाँच प्रश्नों के उतर दीजिएः–

11. राधा के घर तथा उसके स्कूल के बीच की दूरी 3250 मीटर है। इस दूरी को किलोमीटर में व्यक्त कीजिए।
12. छायाएँ क्या होती है? स्पष्ट कीजिए।
13. विद्युत उपकरणों का उपयोग करते समय सावधानी क्यों रखनी चाहिए?
14. चुम्बक के कोई दो गुण लिखिए।
15. सुखा कब पड़ता है?
16. वायु के संघटक क्या है?
17. लाल केंचुओं की कोई तीन विशेषताऐं लिखिए।

–:निम्नलिखित प्रश्नों के उतर दीजिएः–

18. सजीवों के विशेष लक्षण सूचीबद्ध कीजिए।

अथवा

किसी वक्र रेखा की लम्बाई का मापन हम किस प्रकार करेगें? प्रयोग द्वारा समझाइये।

19. पारदर्शी, अपारदर्शी एवं पारभासी वस्तुओं के विषय में लिखिए।

अथवा

विद्युत चालक एवं विद्युत रोधक पदार्थों में क्या अन्तर है?

20. बादल कैसे बनते है? व्याख्या कीजिए।

अथवा

वायुमण्डल में गैंसों के आदान–प्रदान में पौधे तथा जन्तु एक–दुसरे की किस प्रकार सहायता करते हैं?

More Questions Paper GuruSevika.in